**डॉ0 एन0 सरवण कुमार, भा0प्र0से0, सचिव, कृषि विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–13.01.2020 भोजपुर जिला के कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की टिप्पणी :–**

उपस्थिति :–यथापंजी।

इस बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर/सहायक निदेशक, भोजपुर/सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण/परियोजना निदेशक, आत्मा/उप परियोजना निदेशक, आत्मा/प्रखंड कृषि पदाधिकारीगण/कृषि समन्वयकगण/प्रखंड उद्यान पदाधिकारीगण एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से निम्न योजनाओं की समीक्षा की गयी :–

(1) कृषि इनपुट अनुदान सम्पूर्ण राज्य में प्राप्त 23.52 लाख आवेदन के विरुद्ध कृषि विभाग के स्तर से 8.41 आवेदनों का निष्पादन अब तक किया गया है। कृषि इनपुट अनुदान के भोजपुर जिले में प्राप्त 75,257 आवेदनों के विरुद्ध मात्र 4,786 आवेदन का ही निष्पादन हो सका है तथा शेष 70,471 आवेदन AC के स्तर पर लंबित है। यह अत्यंत खेदजनक स्थिति है। अधोहस्ताक्षरी के स्तर से भी कई बार समीक्षात्मक बैठक/वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश देने के बावजूद कृषि इनपुट अनुदान में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में प्रगति नहीं होना आपत्तिजनक विषय है। इस संबंध में पंचायतवार समीक्षा की गयी। जिले में निम्न पाँच कृषि समन्वयकों का कार्य अत्यंत खराब पाया गया एवं उनसे खराब प्रगति के कारण पूछने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इनके द्वारा किये गये कार्य की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| Sl. N. | Name | Block | Panchayat | Flood Affected | | | Drought Affected | | | Total Application | | | AC pendin |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Total App | AC Accept | AC Reject | Total App | AC Accept | AC Reject | Total App | AC Accept | AC Reject | |
| 1 | Randhir Kumar Goswami | Barhara | Nathmalpur | 2518 | 1 | 1 | 12 | 0 | 0 | 2530 | 1 | 1 | 2528 |
| 2 | Ravi Ranjan Kumar Singh | Barhara | Bakhorapur | 2217 | 16 | 41 | 2 | 0 | 0 | 2219 | 16 | 41 | 2162 |
| | | | Farna | 774 | 20 | 0 | 3 | 0 | 0 | 774 | 20 | 0 | 757 |
| | | Shahpur | Simariya | 702 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | 707 | 0 | 0 | 707 |
| 3 | Ranjit Kumar | Sandesh | Khandaul | 10 | 0 | 10 | 2030 | 0 | 45 | 2040 | 0 | 55 | 1985 |
| | | | Ramashand | 10 | 0 | 1 | 1378 | 0 | 1 | 1388 | 0 | 2 | 1386 |
| | | | Baga | 5 | 1 | 0 | 1005 | 0 | 0 | 1010 | 1 | 0 | 1009 |
| 4 | Ashok Kumar Yadav | Sandesh | Parura | 18 | 0 | 18 | 1861 | 0 | 31 | 1879 | 0 | 49 | 1830 |
| | | | Dihra | 20 | 0 | 20 | 1809 | 0 | 10 | 1829 | 0 | 30 | 1799 |
| | | | Chilhaus | 11 | 0 | 11 | 895 | 0 | 0 | 906 | 0 | 11 | 895 |
| | | | Sandesh | 6 | 0 | 6 | 679 | 6 | 46 | 685 | 6 | 52 | 627 |
| | | | Akhgaon | 2 | 0 | 2 | 163 | 17 | 0 | 165 | 17 | 2 | 146 |
| 5 | Abhishek | Arrah | Agarsanda | 1799 | 0 | 2 | 163 | 0 | 163 | 1962 | 0 | 165 | 1797 |
| | | | Ganghar | 550 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 557 | 0 | 0 | 557 |
| | | | Kajuria | 441 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 447 | 0 | 0 | 447 |
| | | | Jamira | 29 | 0 | 0 | 122 | 0 | 3 | 151 | 0 | 3 | 148 |

इससे स्पष्ट है कि उपरोक्त कृषि समन्वयकों के द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही एवं गम्भीर अनुशासनहीनता बरती गयी है। इस कारण से उनके क्षेत्र के किसान कृषि इनपुट अनुदान से वंचित रहे किसानों के संबंध में पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। उपस्थित जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा इनके लापरवाही के संबंध में किसी तरह का जवाब नहीं दे पाये।

विषय की गम्भीरता को देखते हुए उपरोक्त कृषि समन्वयकों के द्वारा बरती गयी गम्भीर अनियमि. एवं लापरवाही के आलोक में उन्हें अविलम्ब निलम्बित करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर क दिया गया।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना

इस योजना के तहत भोजपुर जिला के कुल प्राप्त 1,27,992 आवेदनों के विरुद्ध 92,406 आवेद अंतिम रूप से अपर समाहर्त्ता के स्तर से स्वीकृत हुआ है। इनके विरुद्ध 92,311 लाभार्थियों को लाभान्वित किय जा रहा है। लंबित आवेदनों में से कुल–6,009 आवेदन कृषि समन्वयकों के स्तर पर लंबित पाया गया ए 15,759 आवेदन अंचल अधिकारी के स्तर से लंबित पाया गया तथा 137 आवेदन अपर समाहर्त्ता के स्तर प लंबित पाया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि वे जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिव टास्क फ़ोर्स की बैठक में अंचलवार लंबित आवेदनों का प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अंचल अधिकारी के स्तर से लंबित आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में पंचायतवार कृषि समन्वयक के स्तर पर लंबित आवेदनों की समीक्षा की गयी :–

श्री दिनेश कुमार एवं श्री आनन्द कुमार, कृषि समन्वयकों के स्तर पर बहुत अधिक संख्या में आवेद लंबित पाया गया। इस संबंध में पूछने पर उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। उनके द्वार किये गये कार्य विवरण निम्न प्रकार है :–

| Sl.No | Name | Block Name | Panchayat Name | Total App | AC Accept | AC Reject | AC- Pending |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dinesh Kumar | Shahpur | Isharpura | 1125 | 760 | 152 | 213 |
| | | | Dumariya | 777 | 529 | 49 | 209 |
| | | | Damodarpur | 483 | 288 | 28 | 167 |
| | | | Jhaua Belbahiya | 848 | 598 | 102 | 148 |
| 2 | Anand Kumar | Shahpur | Bariswan | 777 | 585 | 29 | 163 |
| | | | Bharauli | 731 | 558 | 40 | 133 |
| | | | Deomalpur Bahudri | 1113 | 881 | 106 | 126 |
| | | | Sarna | 586 | 465 | 73 | 48 |

## जैविक कोरिडोर योजना

जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि भोजपुर जिले के कोईलवर, बिहिया, आरा सदर एवं उदवंतनगर प्रखण्डों के 375 समूहों को चिन्हित किया गया एवं 2,000 (दो हजार) एकड़ में जैविक खेती का कार्य किया जायेगा। फरवरी माह के गरमा मौसम में जैविक खेती का कार्य शुरू किया जायेगा। समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ है कि अधिकांश कृषि समन्वयकों को जैविक कोरिडोर योजना के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं थी। जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर के द्वारा भी मात्र समूहों की सूची जीविका एवं आत्मा से प्राप्त किया गया है। इसके अतिरिक्त किसानों से सम्पर्क करने एवं उन्हें प्रशिक्षण देने के संबंध में कोई भी कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। जैविक कोरिडोर योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना होने के बावजूद भी इस पर ऐसी लापरवाही बरतना अत्यंत गम्भीर विषय है। इस संबंध में पूछने पर जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

प्रभारी पदाधिकारी, जैविक कोषांग को निदेशित किया जाता है कि जैविक कोरिडोर योजना से संबंधित सभी 13 जिला के जिला कृषि पदाधिकारियों के साथ अविलम्ब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर योजना के संबंध में स्पष्ट जानकारी दें एवं सभी कार्य के लिए Timeline निर्धारित करने के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## कृषि यांत्रिकरण योजना

इस योजना के तहत प्राप्त 1.81 करोड़ लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 42 लाख की स्वीकृति दे दी गयी है। कुल प्राप्त 2,541 आवेदनों के विरुद्ध 1,517 आवेदनों की जाँच जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कर ली गयी है। स्वीकृत आवेदनों में से हैप्पी सीडर–8, रोटरी मल्चर–3, स्ट्राबेलर–2, रीपर–कम–बाइंडर–2 की संख्या

में किया गया है। जिला कृषि पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों को बढ़ावा दें। कम्बाईन हार्वेस्टर में अनुदान नहीं देंने का निर्णय विभाग के स्तर से लिया जा चुका है। इसलिए SMS के सुपर सीडर अन्य फसल अवशेष संबंधी यंत्रों का ही बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

गत वर्ष की बकाया राशि के संबंध में पूछने पर जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा बताया गया कि गत वर्ष का बकाया 66 लाख के विपत्र तैयार कर कोषागार में दिनांक–04.01.2020 को समर्पित किया गया है। इस कार्य को जाँचोपरान्त ससमय करने का निर्देश दिया गया।

जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा बताया गया कि कम्पनी एवं डीलरों का ऑनलाईन निबंधन कार्य पूर्ण नहीं होने के कारण बिलिंग की समस्या हो रही है। इस कारण से राशि की निकासी कर व्यय नहीं हो पा रहा है। प्रभारी पदाधिकारी, कृषि अभियंत्रण को निदेशित किया जाता है कि अविलम्ब इस समस्या को दूर करें एवं सभी जिलों में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

## कस्टम हायरिंग सेंटर योजना

इस योजना के तहत कुल–7 समूहों को सहायता देने की बात जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कही गयी, जिसमें से 5 जीविका समूहों का है। इसमें से 4 समूहों की स्वीकृति दे दी गयी है।

## उर्वरक

उर्वरकों की आपूर्ति एवं खपत :– समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर एवं उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया कि जिले में यूरिया एवं अन्य उर्वरक की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है एवं सही दाम पर उपलब्ध हो रहा है।

## सूक्ष्म सिंचाई योजना (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना)

जिले में कुल प्राप्त 329 में 148 ड्रिप एवं 77 स्प्रिंकलर का है। ड्रिप योजना के कार्यान्वयन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। उपस्थित सहायक निदेशक, उद्यान के द्वारा बताया गया कि जीविका समूहों को सहायता दिया जा रहा है। अभी तक 67 जीविका समूह ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर हेतु इच्छुक हैं एवं 2 समूहों के लिए निःशुल्क सामुदायिक बोरिंग की व्यवस्था भी की गयी है। इसी तरह 2 जीविका समूहों के लिए पॉली हाउस निर्माण की स्वीकृति भी दी गयी है।

सहायक निदेशक, उद्यान के द्वारा यह भी बताया गया कि इस वर्ष स्वीकृत 3 पॉली हाउस के निर्माण का कार्य जारी है। मार्च, 2020 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेशित किया गया कि टीम एग्रीकल्चर की भावना से समन्वय स्थापित कर योजनाओं के कार्यान्वयन में किसान के हित में करें। कार्यान्वित योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु समय–समय पर निरीक्षण करें। योजनाओं के कार्यान्वयन अनुदेश की किताब को अध्ययन कर उक्त जानकारी को किसान तक पहुँचाने की दिशा में कार्रवाई करें। योजनाओं का कार्यान्वयन विभाग द्वारा निर्गत कार्यान्वयन अनुदेश एवं दिशा–निर्देश के आलोक में हो, इसे सुनिश्चित करें।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(डॉ० एन० सरवण कुमार)
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–............................/कृ0वि0, दिनांकः–..............................

प्रतिलिपिः– जिला कृषि पदाधिकारी, भोजपुर/सहायक निदेशक, भोजपुर/सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण/परियोजना निदेशक, आत्मा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–............................/कृ0वि0, दिनांकः–..............................

प्रतिलिपिः-- जिला पदाधिकारी, भोजपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांकः–10(ख0-नो)/कृ0वि0, दिनांकः–15/01/2020

प्रतिलिपिः– निदेशक, कृषि/निदेशक, उद्यान/निदेशक, भूमि संरक्षण/निदेशक, बामेती/निदेशक, पी०पी०एम०/अपर निदेशक (शष्य)/नोडल पदाधिकारी, जैविक कोषांग/नोडल पदाधिकारी (यांत्रिकरण)/संयुक्त निदेशक (शष्य), फसल एवं प्रक्षेत्र/नोडल पदाधिकारी, DBT/आई०टी० प्रबंधक, कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/01/2020
सचिव,
कृषि विभाग, बिहार, पटना।